卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 326 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦7 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## अग्निकाण्ड में मकान और दुकान राख

### सेना, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने बमुश्किल बुझाई आग



उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। हर्षिल बाजार में स्थित आवासीय मकान और दुकान में अचानक आग लग गई, सूचना पर पहुंची सेना, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग से काफी नुकसान हो गया। शुक्रवार देर रात हर्षिल बाजार में विजय और हरीश के लगभग 100 साल पुराने लकड़ी से बने मकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते–देखते मकान और दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर सेना, पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। अग्निकांड की सूचना पर फायर सर्विस उत्तरकाशी, गंगोत्री से भी टीम रवाना की गई। अग्निकांड से मकान के साथ दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। हर्षिल के ग्राम प्रधान दिनेश रावत और माधवेंद्र रावत ने शासन व प्रशासन से अग्निकांड पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया कराने की मांग की है।

## चालीस कारतूसों के साथ भाजपा विधायक का भाई गिरफ्तार

बनबसा (उद संवाददाता)। भारत–नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने अवैध कारतूसों के साथ रानीखेत के भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल के भाई सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विधायक प्रमोद नैनवाल के भाई सतीश नैनवाल सहित एक अन्य को एसएसबी ने भारत नेपाल सीमा पर चंपावत जिले के बनबसा में गिरफ्तार किया है। एसएसबी ने दोनों आरोपियों को बनबसा थाना पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया है कि भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी की 57वीं वाहिनी की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी नैनीताल निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)



## बेटियों के बलात्कारियों के साथ खड़ी है भाजपा:हरदा



देहरादून (उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पत्रकार वार्ता में सरकार के सामने कई सवाल खड़े किए। कहा कि भाजपा इतनी बड़ी गौ भक्त है कि गौ मांस का निर्यात तीन गुना बढ़ा है। हरीश रावत ने कहा कि भाजपा अधिकारिक तौर पर गौ हत्यारों के साथ खड़ी है, यह तो इस तथ्य से जाहिर हो जाता है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश से विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा देने वाली जब कंपनियों का खुलासा हुआ तो देश के सबसे बड़े बीफ एक्सपोर्टर, गोवंश मांस के निर्यातक ने भाजपा को 500 करोड़ रूपया चंदा दिया और यह तथ्य भी उजागर हुआ कि जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्र में सत्ता में आई, गोवंश मांस का निर्यात तीन गुना बड़ा है। अब तो यह ऑन रिकॉर्ड है कि भाजपा के एक केंद्रीय मंत्री, भाजपा के गोवा, तमिलनाडु, केरल, अरुणाचल, मेघालय, नागालैंड के नेताओं ने ऑन रिकॉर्ड स्वीकार किया है और गर्व पूर्वक कहा है कि वह गौ मांस खाते हैं और यह बात भी अब तथ्यात्मक रूप से सिद्ध हो चुकी है कि भाजपा की उत्तराखंड सरकार गंगा विरोधी है। क्योंकि गंगा में अंधाधुंध खनन के बाद अब उस माफिया को संरक्षण देने वाले बालू बाबा भी भाजपा के हैं। रावत ने कहा मुझे इस तथ्य को कहने में भी लज्जा आती है कि भाजपा अब बेटियों के बलात्कारियों के साथ खड़ी है, उनके (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्वीट हाउस से नगदी समेत तिजोरी उठा ले गये चोर

### अति व्यस्त चौराहे पर चोरी की वारदात से मचा हड़कम्प



किच्छा(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने शहर के अति व्यस्ततम चौराहे पर स्थित एक स्वीट हाउस के शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखी नगदी पर हाथ साफ करते हुए पुलिस को खुली चुनौति दी है। चोर तिजोरी को भी मोटरसाइकिल में अपने साथ ले गए। नगर के दीनदयाल चौक के पास ही प्रीतम दास आयलानी का सुपर स्वीट हाउस के नाम से प्रतिष्ठान है। शुक्रवार रात्रि दुकान स्वामी दुकान में ताला लगा घर चले गए। प्रात: जब प्रतिष्ठान खोलने आए तो शटर के ताले टूटे देखकर दंग रह गये। दुकान स्वामी ने शटर उठाकर अंदर देखा तो नगदी की तिजोरी दुकान में नहीं थी। जिसकी सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने दुकान स्वामी की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू की तो सीसी फुटेज में चोरों के कारनामे स्पष्ट दिखाई दिए। अति व्यस्ततम चौराहे पर चोरों ने जिस तरह चोरी की वारदात को अंजाम दिया वह पुलिस के लिए खुला चैलेंज बन गया है। चौराहे पर पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए गये हैं तथा यहां पर रात्रि गस्त भी बनी रहती है। परंतु चोरों द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)


बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाइटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान
1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
नया पता याद रखें–
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रुद्रपुर


## जिले को नशा और अपराध मुक्त बनाना प्राथमिकता : मिश्रा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद उधमसिंह नगर को ठोस कार्य योजना बनाकर नशा व अपराध मुक्त बनाया जायेगा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते जनपद के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि जनपद में नशा प्रमुख समस्या बनकर उभर नही है। जिस पर प्रभावी ढ़ग से अंकुश लगाने के लिए सभी अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाई जायेगी। इसके लिए आम जनता के साथ ही स्कूलों में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा और जो भी व्यक्ति इन्हें संरक्षण प्रदान करेगा उसके विरूद्ध भी सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार किये जायेंगे। साथ ही आम जनता का भी पूरा सहयोग लिया जायेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि जिला पुलिस महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कड़े कदम उठायेगी। वहीं साईबर अपराधों को रोकने के लिए आधुनिक तकनीक का पूरा उपयोग कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। ऐसे मामलों के पीड़ितों की रिपोर्ट तुरंत दर्ज की जायेगी। श्री मिश्रा ने कहा कि जनपद में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए हर उपाय किये जायेंगे। उन्होंने (शेष पृष्ठ 7 पर)


आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
–संपर्क करें–
8433432291


## शपथ पत्र से छटा कुहासा, दिसंबर में होंगे 'निकाय चुनाव'

### नैनीताल उच्च न्यायालय में निकाय चुनाव कराने को लेकर सरकार की ओर से प्रस्तुत किया गया शपथ पत्र, ओबीसी–एससी–एसटी आयोग की रिपोर्ट पेश होने के बाद 31 अक्टूबर को होगा आरक्षण का निर्धारण, दस नवंबर को जारी होगी निकाय चुनाव की अधिसूचना, निकायों का गठन 25 दिसंबर से पहले कर लेने का सरकार का दावा

–अर्श–

रूद्रपुर। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण निर्धारण का मामला प्रवर समिति को भेजे जाने के बाद उत्तराखंड के निकाय चुनाव पर छाया कुहासा, सरकार द्वारा नैनीताल उच्च न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत किए जाने के बाद अब पूरी तरह छट गया है और निकाय चुनाव की तस्वीर तकरीबन साफ हो गई है। उच्च न्यायालय में प्रस्तुत शपथ पत्र में सरकार की ओर से बताया गया है कि सूबे के स्थानीय निकाय चुनाव 25 दिसंबर तक संपन्न करा लिए जाएंगे।सरकार को उत्तराखंड में निकाय चुनाव कराए जाने संबंधी निर्देश दिए जाने को लेकर दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ,उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष एक कार्यक्रम पेश किया, जिसमें अधिसूचना जारी करने से लेकर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने तक की तारीख बताई गई है। महाधिवक्ता द्वारा नैनीताल उच्च न्यायालय की डबल बेंच को अवगत कराया है कि निकाय चुनाव की अधिसूचना 10 नवंबर को जारी होगी और 25 दिसंबर से पहले निकायों के गठन हो जाएगा। कोर्ट में सुनवाई के दौरान शहरी विकास विभाग के अधिकारी कोर्ट में मौजूद रहे। इससे पहले हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार को जल्द निकाय चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए थे ,लेकिन सरकार ने असमर्थतता जताते हुए हाईकोर्ट में शपथ दाखिल करते हुए कोर्ट को बताया कि 30 अक्तूबर को ओबीसी–एससी–एसटी आयोग की रिपोर्ट पेश होगी तथा 31 अक्तूबर को आरक्षण का निर्धारण होगा और उसी दिन मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी। ज्ञात हो कि हाई कोर्ट की डबल बेंच शुक्रवार को मोहम्मद अनवर और मोहम्मद अनीस की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि सरकार चुनाव कराने को पूरी तरह से तैयार है तथा प्रदेश निर्वाचन आयुक्त की तैनाती भी कर दी गई है। राज्य सरकार के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कोर्ट में यह भी कहा कि जिलों में मतदाता सूचियों में संशोधन का काम शुरू हो गया है। तत्पश्चात सरकार के जवाब पर हाई कोर्ट ने अपनी सहमति देते हुए दोनों याचिकाओं को निस्तारित कर दिया। गौर तलब है कि याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर जनहित याचिका में सरकार पर आरोप लगाया गया था कि सरकार प्रदेश में निकाय चुनाव नहीं करा रही है।निकायों का कार्यकाल (शेष पृष्ठ सात पर)



# धर्मांतरण और महिला हिंसा पर किया पर जताई चिंता

### विश्व हिन्दू परिषद का षष्ठी पूर्ति स्थापना दिवस आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व हिन्दू परिषद,रुद्रपुर प्रखंड द्वारा आयोजित षष्ठी पूर्ति स्थापना दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विचार गोष्ठी के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान बढ़ते महिला अपराधों सहित समाज की कई ज्वलंत समस्याओं पर भी चर्चा हुई। भूत बंगला रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ज्ञान चंद ने मुख्य रूप से अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े समुदाय के लोगों में हो रहे धर्मांतरण पर प्रकाश डाला एवं कड़े शब्दों में इसकी आलोचना की। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय प्रन्यासी मंडल के सदस्य स्नेह पाल ने विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना एवं संगठन द्वारा देश एवं विदेश में किए जा रहे हिन्दू जागरण के कार्यों का व्याख्यान किया। संत वक्ता मनकामेश्वर कल्याण आश्रम के महंत स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने आधुनिक समय में धर्म की रक्षा एवं प्रसार पर विशेष जोर दिया। महिला वक्ता के रूप में उपस्थित नारायण अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर की प्रतिष्ठित डॉ सोनिया अदलखा ने अहिल्याबाई होल्कर, रानी दुर्गावती का उदाहरण देते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि आज हम इक्कीसवी में खड़े हैं लेकिन महिलाओं की सुरक्षा आज चिंताजनक है। जगह जगह बलात्कार हो रहे हैं महिलाओं के साथ हिंसा हो रही है। आज महिलाएं स्वतंत्र हैं इतने अधिकार मिले हुए हैं लेकिन महिलाएं अपनी शक्ति को नहीं पहचान रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सरकार के भरोसे रहकर कुछ नहीं होगा। सरकार क्या करेगी सरकार एक और कानून बना देगी। जितने कानून मजबूत बन रहे हैं उतने ही अपराधी भी मजबूत हो रहे हैं। पहले महिलाओं के साथ सिर्फ रेप होते थे अब रेप के साथ मर्डर भी हो रहे हैं यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में रेप और हत्या के बाद महिलाओं की लाशें भी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को रोकने के लिए हमें बेटियों को मजबूत करने की जरूरत है। स्कूल स्तर से ही बेटियों को प्रशिक्षण मिलना चाहिए। बेटियों को सिखाना होगा कि घर से बाहर वह अपनी सुरक्षा कैसे करें। आज जरूरत है कि स्कूलों में इस ट्रेनिंग को अनिवार्य कर देना चाहिए। भारत जैसे देश की इतनी बड़ी आबादी में हर महिला को बॉडी गार्ड देना संभव नहीं है। बेटियों को खुद मजूबत बनना होगा यही महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक मात्र समाधान है। आज हमें हर घर में झांसी की रानी तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि हर शहर में ऐसे ट्रेनिंग सेंटर खोले जायें जहां बेटियों को आत्म रक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जाये। प्रखंड अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने वर्ष भर में विश्व हिन्दू परिषद रुद्रपुर प्रखंड की टीम द्वारा समय समय पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति एवं वरिष्ठ समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा ने की। मंच पर विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष रविन्द्र पाल जी भी उपस्थित रहे। सामुहिक हनुमान चालीसा एवं भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम संयोजक हिन्दू वादी नेता बिट्टू शर्मा एवं सह जिला गौ रक्षा प्रमुख गौरव मिश्रा रहे। अंत में बिट्टू शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष शैली बंसल एवं जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा ने किया। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री भानु जोशी, जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा,जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जिला धर्म प्रसार प्रमुख विषपेंद्र सिंह,जिला सेवा प्रमुख शिवशंकर गुप्ता,जिला मठ मंदिर प्रमुख भुवन जोशी, जिला विधि प्रकोष्ठ प्रमुख जुगल गोस्वामी,जिला मातृ शक्ति संयोजिका अर्चना सिंह,प्रखंड मंत्री सुदेव दास, बजरंग दल प्रखंड संयोजक आदित्य,प्रखंड सह संयोजक यश चौहान,प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख अजय पाल,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अशोक जायसवाल, जिला कार्यवाह समर पाल सिंह, जिला प्रचारक जितेन्द्र, जिला धर्म जागरण संयोजक मुकेश पारीक,जिला प्रचारक बलवीर जी एवं उप सह नगर कार्यवाह रमेश जोशी आदि उपस्थित रहे।









# बालिकाओं से चर्चा कर चिन्हित किए असुरक्षित स्थान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जेल रोड चौराहा में महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जनपद के विभिन्न विभाग पुलिस, स्वास्थ, शिक्षा एवम परिवीक्षा विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। अपर निदेशक, प्रशिक्षण ऋचा सिंह एवम बाल विकास अधिकारी, शिल्पा जोशी द्वारा बालिकाओं से ऐसे स्थानों के बारे में पूछा गया जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं। बालिकाओं द्वारा नगर में विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया गया जिसमें हीरानगर का योगा पार्क, बागजाला वाला रास्ता, गौलापार, त्रिमूर्ति मंदिर के पास, कमलुआगांजा, लालडांठ चौराहा, 03 नंबर फार्म, डहरिया, जवाहरनगर, अम्बेडकरनगर, शनि बाजार, समता आश्रम गली, आदि। बालिकाओं द्वारा स्वयं के साथ हुई घटनाओं का विवरण दिया गया, उनके द्वारा बताया गया की स्कूल की छुट्टी के समय गेट के पास




लड़के खड़े होकर छेड़खानी करते हैं और घर तक पीछा करते हैं और ऑटो वाले जबरदस्ती बैठाने के लिए भीड़ लगा लेते हैं। साथ ही असुरक्षित महसूस किए जाने की कई और वजह भी बताई गई जैसे युवक झुंड बना कर खड़े रहते हैं, शराब या नशे का सेवन करते हैं, गाड़ी स्पीड से चलाते हैं और आते जाते लड़कियों को छेड़ते हैं।कार्यशाला मे बालिकाओं ने कुछ सुझाव भी पेश किए जैसे स्कूलों के आसपास छुट्टी के समय पुलिस की गश्त, ऑटो चालक एवम ईरिक्शा चालक का सत्यापन, ऑटो या रिक्शा स्टैंड पर एवम अन्य चिन्हित स्थानों पर पेट्रोलिंग आदि। कार्यशाला में चिन्हित स्थानों एवम कारणों के साथ समिति अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेगी जिससे संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। कार्यक्रम में डा. आयुषी ने महिला स्वास्थ संबंधी, पुलिस विभाग से एएसआई. ज्योति कोरंगा ने महिला हेल्पलाइन ऐप और जिला प्रोबेशन कार्यालय से तबस्सुम ने हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। शिक्षा विभाग से यशोदा शाह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रमों का उद्देश्य भय मुक्त वातावरण को बनाना है जहां बालिकाएं स्वयं को असुरक्षित ना महसूस करें और विश्वास के साथ कहीं भी आ जा सके, उन्हें आने-जाने में भय ना लगे और जिस भी क्षेत्र में छेड़छाड़ या बच्चियों को असुरक्षा महसूस हुई है। उनमे शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या एवम शिक्षिकायें, सुपरवाईजर सुशीला ग्वाल उपस्थित रहे।

# एफडी की धनराशि वापस नहीं करने पर किसानों ने थाने में की शिकायत

गदरपुर(उद संवाददाता)। एक बैंक द्वारा किसान द्वारा करवाई गई एफडी की धनराशि वापस न करने के मामले में भारतीय किसान यूनियन और अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी के नेतृत्व में थाने पहुंचकर मामले से अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष से कार्रवाई हेतु निवेदन किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम मुकंदपुर डेरा के साहब सिंह ने अपनी दो पौत्रियों के नाम एक-एक लाख रुपए की तीन वर्ष की एफडी करवाई थी एफडी की अवधि पूरी होने पर वह अपनी



धनराशि लेने गया तो 40,000 की जर्बदस्ती एफडी बैंक प्रबंधन द्वारा कर दी गई। उस एफडी की अवधि पूरी होने पर जब वह अपनी धनराशि लेने पहुंचा तो बैंक द्वारा आनाकानी की गई। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी वहीं किसानों ने कहा कि यदि उक्त मामले में बैंक द्वारा किसान की एफडी की धनराशि वापस नहीं लौटाई जाती तो किसानों द्वारा बैंक में तालाबंदी की चेतावनी दी गई । इस दौरान सलविंदर सिंह कलसी, साहब सिंह ,धर्मपाल कंबोज, राजेंद्र कंबोज, संजय चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्टॉफ की कमी से हो रही चिकित्सा व्यवस्थाएं प्रभावित: अग्रवाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू



राजकीय जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों सहित अन्य जरूरी स्टॉफ के कई पद रिक्त होने के कारण चिकित्सालय में मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाएं काफी प्रभावित हो रही हैं। चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक केके अग्रवाल ने एक मुलाकात में बताया कि उन्हें चिकित्सालय में कार्य भार ग्रहण किये एक माह का समय व्यतीत हो चुका है। इस दौरान उन्होंने यहां की सभी चिकित्सा व्यवस्थाओं को करीब से परखा। जिसके बाद उन्हें यह महसूस हुआ कि चिकित्सालय में प्रमुख रोगों सें सम्बंधित अनेक चिकित्सकों सहित अन्य स्टॉफ के कई पद रिक्त बने हुए हैं। जिन पर नियुक्ति के लिए उन्होंने उच्चाधिकारियों से वार्ता भी की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं के साथ मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधायें देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि समस्त चिकित्सालय परिसर सहित सारे वार्डों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही उपचार के लिए आने वाले मरीजों व चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को कोई परेशानी न हो इसके लिए उन्होंने सभी स्टाफ को निर्देशित किया है वहीं वह स्वयं भी प्रतिदिन समय समय पर चिकित्सालय में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहते हैं और मरीजों व उनके साथ आये तीमारदारों से बातचीत करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू रोग से निपटने के लिए कुल 35 वार्ड बनाये गये हैं जिनमें 25 वार्ड मेडिकल कालेज में व 10 वार्ड जिला चिकित्सालय में हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सालय में कुत्ता काटने से आने वाले के मरीजों की संख्या प्रतिदिन लगभग 30 होती है जो चिंताजनक है। इसलिए नगर निगम को शहर के गली मौहल्लों में घूमने वाले आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# चोरी का खुलासा जल्द नहीं हुआ तो होगा आंदोलन: फुटेला

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर नगर व्यापार मंडल ने चिंता व्यक्त की है।शहर के अति व्यस्ततम चौराहे पर चोरों द्वारा की गई चोरी को लेकर के प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने कहा है कि पुलिस को चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए मुस्तैदी से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि बीते एक महीने में दर्जन भर चोरी की घटनाएं चोरों द्वारा अंजाम दी गई है। जिसमें से पुलिस ने कुछ चोरी की घटनाओं का खुलासा भी किया है किंतु जिस प्रकार चोरों द्वारा नगर के अति व्यस्ततम चौराहे पर चोरी को अंजाम दिया है वह पुलिस के लिए खुला चैलेंज है उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा अपराधियों पर नकेल कसने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा चोरी का खुलासा शीघ्र नहीं किया गया तो नगर व्यापार मंडल आंदोलन पर विचार कर सकता है।



# डीएम कार्यालय में 9 सितम्बर को ऐतिहासिक होगा प्रदर्शन

सितारगंज(उद संवाददाता)। भाजपा सरकार के खिलाफ 9 सितंबर को क्षेत्र के कांग्रेसी डीएम कार्यालय कूच करेंगे। जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा खटीमा रोड स्थित कांग्रेस के कार्यालय में पहुंचे। जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि 9 सितंबर को भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता डीएम कार्यालय में कूच करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिला शोषण के मामलों में वृद्धि हुई है। किसान परेशान है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सितारगंज क्षेत्र से भी भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी नवतेज पाल सिंह महर, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गणेश उपाध्याय, कमलेश नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, रामनगीना प्रसाद, अख्तियार अहमद पटौदी, आजम मलिक, हरपाल सिंह, दिलबाज सिंह, शाकिर अली, नरेंद्र बमराह आदि मौजूद थे।



# बस दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जगबूढ़ा पुल के पास दोनों ओर जंगल के बीच सड़क में बस सं. यू.पी.-41-टी-9002 के चालक द्वारा वाहन को तेजी से व लापरवाही से चलाकर, बस सवार रिंकी को गंभीर रूप से घायल कर देने तथा उपचार के दौरान उसकी मृत्यु होने संबंधी मजिस्ट्रियल जाँच के सम्बन्ध में सम्पूर्ण पहलुओं की विस्तृत जांच करते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने उप जिला मजिस्ट्रेट खटीमा रविन्द्र सिंह बिष्ट को जांच अधिकारी नामित किया है। कोई भी जानकारी विज्ञप्ति जारी होने के 03(तीन) दिन के भीतर साक्ष्य सहित अपना कथन उप जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज की टीम चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद की रुद्रपुर शाखा एवं वीर सावरकर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से सिटी क्लब में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता 'स्वरांजलि' का आयोजन किया गया ।प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अमृता शर्मा एसडीएम रुद्रपुर, विशिष्ट अतिथि रजनीश सिंगला ,भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा , प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल,शाखा अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना, सचिव राहुल सिंघल , कोषाध्यक्ष शक्ति बाठला, वीर सावरकर शाखा अध्यक्ष शशांक गुप्ता,सचिव सनी धवन, प्रान्तीय प्रकल्प संयोजक संजय राधू, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक संजय खेड़ा, स्नेहा मिड्ढा, गुंजन खेड़ा एवं निर्णायक मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रक्षिता श्रीवास्तव , सुजिता नारंग एवं आचार्य विवेक वरुण जी का योगदान रहा। प्रतियोगिता में रुद्रपुर नगर के आठ विद्यालयों के




छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता दो चरणों में हुई जिसमे हिंदी एवं संस्कृत गायन में देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों को सामूहिक रूप से गाकर विद्यालयों की टीमों ने हाल को गुंजायमान कर दिया। गीत मन समर्पित तन समर्पित भारत वंदे मातरम क्रांति की मशाल से जय-जय हे भगवती सुर भारती आदि सुंदर गीतों की प्रस्तुति से माहौल देशभक्तिपूर्ण हो गया। राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का संचालन भारत विकास परिषद की स्नेहा मिड्ढा एवं हिमांशी अरोरा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पश्चात निर्णायक मंडल में से रक्षिता श्रीवास्तव, सुजीता नारंग एवं आचार्य विवेक वरुण जी ने बच्चों को आशीर्वचन दिया। तत्पश्चात भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा एवं प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल ने सदन को संबोधित किया एवं प्रतियोगिता के महत्व के बारे में बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को अवगत कराया। प्रतियोगिता में हिंदी गीतों में प्रथम स्थान पाकर 'श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही। द्वितीय स्थान पर स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल की टीम रही एवं रेनबो पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत गीतों की प्रतियोगिता में श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही । द्वितीय स्थान पर रेनबो पब्लिक स्कूल की टीम रही एवं स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाकर श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज की टीम ने चैंपियनशिप ट्रॉफी प्राप्त की। प्रतियोगिता की विजेता टीम श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को एवं अन्य प्रतिभागी टीमों को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा ट्रॉफी ,शील्ड एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में प्रान्तीय कोषाध्यक्ष दीपक अरोरा, नगर समन्वयक मनोज अरोरा, महिला संयोजिका गुंजन खेड़ा एवं श्रेया मिड्ढा, कार्यक्रम संयोजक रोहित अरोरा, सीमा बिन्दल, संजय ठुकराल, सुरेंद्र मिड्ढा, कीर्ति निधि शर्मा, संजीव अरोरा, राजकुमार बिंदल, मनोज मित्तल, राजेंद्र सहाय, अमित अरोरा, भावना कपूर, अन्नपूर्णा गुप्ता, मीनल कामरा, अनुभा गुप्ता, प्रविषि अरोरा, अनीशा अग्रवाल, श्रुति सिंगला, विवेकानंद शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर, सचिव अक्षय गहलौत, जतिन अग्रवाल, शहीद ऊधम सिंह शाखा अध्यक्ष विनय बंसल, मुकेश अग्रवाल, पुनीत मित्तल, वीर सावरकर शाखा कोषाध्यक्ष सचिन सिंगला आदि उपस्थित रहे।

# एसपी सिटी ने की नये कानून के तहत आने वाली त्रुटियों की समीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र की अध्यक्षता में हल्द्वानी सर्किल के थाना हल्द्वानी, काठगोदाम बनभूलपुरा , मुखानी के साथ पुलिस बहुउदेशीय भवन हल्द्वानी के सभागार में तथा ऑनलाइन वीडियो



कॉन्फ्रेंस के माध्यम से थाना मल्लीताल, तल्लीताल, भवाली भीमताल, मुक्तेश्वर, बेतालघाट खनस्यू, लालकुआं, चोरगलिया, कालाढूंगी, रामनगर के थाना प्रभारी एवं विवेचकों के साथ एक जुलाई से लागू 3 नये कानून के तहत आने वाली त्रुटियां की समीक्षा की गई। जिसमें अनेक बिंदु पर आशीष गुप्ता सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा विवेचकों के साथ आवश्यक विचार विमर्श कर सुझाव दिए गए। उन्होंने बताया 03 से 07 वर्ष तक की सजा के संज्ञेय अपराधों में थाना प्रभारी जाच की अनुमति पुलिस उपाध ीक्षक से प्राप्त करने के उपरांत 14 दिवस में उक्त जांच का निस्तारण कर विधिक करवाई किया जाना सुनिश्चित करें। पंजीकृत अभियोग में सारी प्रक्रिया बीएनएस, बीएल एसएस के अनुसार ही जायेगी। नये कानून के अनुसार महिला संबंधी अपराधों का पंजीकरण महिला अधिकारी द्वारा ही किया जाएगा। इसका शत प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करें। प्रारूप संख्या दो सभी थाना प्रभारी क्राइम सीन का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि 7 साल से ऊपर सजा में क्राइम सीन निरीक्षण करने के साथ शत प्रतिशत ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त संबंध में नये कानून में स्पष्ट प्रावधान दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी की सूचना का रखरखाव करने के संबंध में पूर्व में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किए गए हैं जिनका पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य आने वाली त्रुटियों के निस्तारण हेतु विचार विमर्श किया गया।

# धान खरीद के लिए समय से पूरी करें तैयारी: एडीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला सभागार में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत धान खरीद की बैठक लेते हुए अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि 1 अक्टूबर से धान खरीद होनी है। इसलिए धान खरीद हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि धान खरीद का कार्य शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि धान क्रय केंद्रों में साफ-सफाई, कांटा-बांट, कम्प्यूटर, आर्द्रतामापी यंत्र, बिजली, पेयजल, शौचालय आदि मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा नवीन धान खरीदी केन्द्रों यदि खोलने हैं तो उनमें भी आवश्यक व्यवस्था



सुनिश्चित कर लें। उन्होंने जिले में बारदाना की उपलब्धता की जानकारी ली तथा ध ान क्रय के समय बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि धान भंडारण हेतु गोदाम में उचित व्यवस्था पहले ही कर ली जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को आसानी से पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और ध ान विक्रय हेतु किसानों के पंजीयन में कोई भी समस्या आने पर उसका निराकरण प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन स्तर के विषयों से संबंधित यदि कोई समस्याऐं हों तो जिलाधिकारी के संज्ञान में लाएं ताकि उनका ससमय निराकरण किया जा सके और धान खरीद में कोई समस्या न आए। बैठक में आर.एफ.सी. कुमाऊं बीएल फिरमाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, गौरव चटवाल,अभय प्रताप सिंह, राकेश तिवारी, डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक त्रिलोचन पाठक, पीसीयू प्रबंधक धीरज कुमार सैनी, एआरओ पूर्ति विभाग हेमा बिष्ट, प्रभारी मंडी भुवन चंद्र पांडे, सचिव मंडी रूद्रपुर विश्व विजय देव सिंह, सचिव मंडी समिति बाजपुर कैलाश शर्मा, मंडी निरीक्षक काशीपुर भुवन चंद्र जोशी, प्रभारी सचिव मंडी नानकमत्ता जय सिंह बोनाल, गदरपुर योगेश तिवारी, निरीक्षक बाट-माप सितारगंज अमित पंत, खटीमा भूपाल सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

# 53 कुपोषित बच्चों को पोषण किट एवं कुकर प्रदान किये

गदरपुर( उद संवाददाता)। विकास खण्ड सभागार में आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पूर्णता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक गदरपुर अरविन्द पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। खण्ड विकास अधिकारी अतिया परवेज द्वारा सभी को आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम व सम्पूर्णता अभियान की विस्तृत जानकारी दी गयी। विधायक अरविन्द पाण्डेय द्वारा विकास खण्ड के समग्र विकास एंव महिला उत्थान हेतु हर प्रकार के हर संभव सहायता हेतु आश्वस्त किया गया। बाल विकास ,स्वास्थ्य विभाग व ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा सम्पूर्णता अभियान से सम्बंधित जानकारी प्रदान की गयी । टाटा मोटर्स व आई0एस0डी0 किच्छा के सहयोग से कुपोषित /अतिकुपोषित बच्चो को पोषक खाद्यान की पोषण किट व प्रेशर कुकर प्रदान किये गये। समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन





सहकारी समिति,कृष्ण प्रोटेक्शन आर्गेनी अचार,भागीरथी एसएचजी कूल्हा ग्राम सभा,साधना ग्राम संगठन ग्राम सभा खेमपुर सहित,स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ द्वारा उत्पादित सामग्री का प्रदर्शन व विक्रय किया गया। उद्यान विभाग द्वारा विभागीय स्टाल लगाकर जानकारी दी गयी। स्वास्थय विभाग के द्वारा शिविर में गर्भवती महिलाओ ंव कुपोषित बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । कार्यक्रम मे बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भण्डारी, सहायक खण्ड विकास विभाग द्वारा विभागीय स्टाल लगाकर जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर मे ं गर्भवती महिलाओ व कुपोषित बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भण्डारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी,सहायक विकास अधिकारी (पं0) राजपाल सिहं चौहान, डॉ प्रशांत, टाटा मोटर्स के प्रबंधक प्रीतम मोतीलाल,आईएसडी संस्था किच्छा की निदेशक बिन्दु वासिनी,आईएसडी नीरज मौर्य,सुपरवाईजर दर्शनों राणा, राजकुमारी, ए0बी0पी0 फैलो प्रेरणा रावत, पीरामल फाउण्डेशन सुएब अहमद, आर0बी0आई0 से अनुपम अवस्थी, हेमन्त बजेठा, सहायक प्रबंध क उद्योग, पिंकी मेहता, लेखाकार मदन सैनी, प्रधान सहायक आनन्द सिंह बिष्ट, कनिष्ट सहायक सुमित उपाध्याय,रीप परियोजना से अब्दुल, निक्की,एरिया कॉडिनेटर रवि, सोमपाल, राधा बठला, स्वान इंजीनियर कपिल कुमार, गोविन्द,ज्ञानी,सौरभ,जगत सिंह समृद्धि कृषि उत्पादक संगठन सहकारी समिति की सीमा रानी सहित नगर पालिका क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र की दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उपकार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) अमित मेहरा ने किया।

# गिल्टों से भरी पिकप पकड़ी

किच्छा(उद संवाददाता)। अवैध रूप से काट कर ले जाये जा रहे सैमल की लकड़ी के गिल्टों से भरी पिकअप गाड़ी को राजस्व विभाग के उप निरीक्षक ने दलबल के साथ पड़कर कब्जे में ले लिया । वाहन को उपजिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख खड़ा कर दिया गया है। जिसकी तहरीर पुलिस को दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ काट कर ले जाने वाले सेमल से भरी पिकअप को राजस्व उपनिरीक्षक दीपक सिंह ने मौके से पकड़ा लिया है । ग्राम पंचायत बखपुर के ग्राम लक्ष्मीपुर में अवैध पेड़ों के कटान की शिकायत लागतार मिल रही थी जिस पर राजस्व उपनिरीक्षक दीपक सिंह ने कार्यवाही में 11 नग सेमल के लट्ठे, एक पिकअप वाहन को पकड़ा लिया । राजस्व उपनिरीक्षक दीपक सिंह ने किच्छा कोतवाली में एक तहरीर सौंपी है। मौके पर राजस्व निरीक्षक दीपक सिंह गैड़ा व राजस्व विभाग की टीम द्वारा सेमल के पेड़ों के अवैध कटान पर छापेमारी की कार्यवाही की जिसमे मौके से पिकअप बरामद हुई है पिकअप चालक के अनुसार शिनाख्त नामजद व्यक्तियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस को दी जा चुकी है। उपजिलाधिकारी किच्छा कौस्तुभ मिश्र के निर्देश पर अवैध खनन व कटान पर सख्ती के साथ निपटने के निर्देश के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# बालक वर्ग की टीम का चयन कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर (रजि.) के तत्वावधान में 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर (बालक वर्ग) जनपद की जू-जित्सु टीम का चयन किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला जू-जित्सु एसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून एवं जिला प्रशासन, ऊधम सिंह नगर तथा जिला खेल कार्यालय, ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सामान्य जाति जू-जित्सु ( बालक वर्ग ) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 से 16 सितंबर, 2024 तक मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम में अयोजित हो रही है। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर की चयनित जूख्रजित्सु टीम प्रतिभाग करेगी। भारती ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया के दौरान सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, जन्मतिथि एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं दो रंगीन फोटो लेकर आयेंगे। चयन प्रक्रिया में निष्पक्ष परिणाम के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया गया है। जिसमें जनपद के पदाधिकारी ऋषि पाल भारती, सिहान किशोर सिंह, हिमा भट्ट एवं कमल सिंह शामिल है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# शिक्षक ही समाज के पथ प्रदर्शक: सौरभ बहुगुणा

## सम्मान समारोह में गदरपुर के शिक्षकों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। शहनाई वाटिका गदरपुर में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मतिथि एवं शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर पूर्व सभासद परमजीत सिंह पम्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा अश्वनी कुमार द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार सितारगंज विधायक सौरभ बहुगुणा उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा भी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों की सहभागिता समाज के हर क्षेत्र में होती है क्योंकि शिक्षकों का सिखाया हुआ ज्ञान ही हम सबको जीवन का सही तरीका जीना सिखाता है और शिक्षक ही समाज को पथ प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को हमारी शिक्षा पद्यति में नवा चार का संचार कर विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने एवं अच्छे संस्कार भी सिखाने का प्रयास करना होगा। समाज की असली गुरु शिक्षक ही होते हैं और शिक्षकों को सम्मानित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि शिक्षक समाज रूपी पौधे को अपने ज्ञान से सीचंते हैं और एक वृक्ष का रूप देते हैं वह वृक्ष जोकी समाज को खुशहाली की छाया प्रदान करता है हम शिक्षकों का जितना धन्यवाद करें वह कम है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी विनोद भुसरी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना उपस्थित रहे। गदरपुर के सभी विद्यालयों के प्रध नाचार्य, प्रबंधक शिक्षकगण उपस्थित रहे जिनको विभिन्न माध्यमों से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में लगभग 30 विद्यालयों के लगभग 500 शिक्षकों एवं गदरपुर में रहने वाले सभी सरकारी शिक्षकों को सम्मानित किया गया वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से शिक्षकगणो का दिल जीत लिया। वही नगर के जिज्ञासा अकैडमी की कोऑर्डिनेटर अजमी हसन द्वारा प्रस्तुत बच्चों के एक शानदार आयोजन की लोगों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम में शिक्षकगणो का उत्साह कार्यक्रम के समापन तक बना रहा और कुछ शिक्षकगण भावुक होते हुए भी नजर आए। कार्यक्रम का संचालन जयंत शाह और मनजीत कौर के द्वारा किया गय॥ कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनी भुसरी, कपिल, अभिषेक गुंबर, स्वामी इंस्टिट्यूट के प्रबंधक विशाल सक्सेना,जिला आईटी संयोजक कुनाल रस्तोगी,युवा समाज सेवी आकाश कोचर, कुलजीत कौर, हिमानी मुरादिया सहित सैकड़ो की संख्या में अध्यापक मौजूद रहे।













## विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किया जनसंपर्क

रूदपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने 9 सितंबर को रुद्रपुर के जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले कांग्रेस के विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर कई बस्तियों में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि 9 सितंबर को जिला कांग्रेस के तत्वाधान में प्रदेश में लगातार खराब हो रही कानून व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार और उनके साथ बलात्कार की घटनाओं के साथ ही उनकी हत्या किए जाने के साथ-साथ अन्य मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष करण मेहरा, सी एल पी लीडर यशपाल आर्य,पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल,पूर्व मंत्री तिलक राज बेहड़, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी सहित जिले के सभी विधायक पूर्व विध ायक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे, और जिलाधि कारी कार्यालय का घेराव करेंगे। श्रीमती शर्मा ने कहा कि इस प्रदर्शन में रुद्रपुर से भी हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता बस्तियों से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होंगे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में पार्षद अशफाक अहमद, पूर्व नामित पार्षद उमर अली सलमानी, इरफान खान,सुभाष दिवाकर, सुधीर शर्मा, ओम प्रकाश, शिव सिंह,सहित कांग्रेस नेता अनिल शर्मा आदि उपस्थित थे।



## गरीब परिवार की मदद को बढ़ाये हाथ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शिवनगर स्थित चामुण्डा मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश की पत्नी मोरकली के निधन पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने तमाम लोगों के साथ उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें समाजसेवियों की ओर से दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता एवं राशिन की किट प्रदान की। बता दें चामुण्डा मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश की पत्नी मोरकली का बिमारी के चलते निधन हो गया था। निधन का समाचार सुनकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल उनके निवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंध ाया। विधायक के प्रयासों के बाद समाजसेवियों द्वारा एकत्र की गयी दस हजार रूपये की धनराशि और राशन की किट पुजारी ओमप्रकाश को प्रदान की गयी। जिस पर पुजारी पंडित ओमप्रकाश ने पूर्व विधायक ठुकराल एवं समस्त समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल, संजीव गुप्ता, सोनू सक्सेना, सुरेंद्र गुप्ता, विकास बंसल, राम अवतार गुप्ता, मुकेश कुमार, कमल, महेन्द्र राङौर, नरेंद्र राठौर, राकेश अधिकारी, धर्मवीर राजपूत, जितेन्द्र राठौर आदि शामिल रहे।



# एसएसपी मंजूनाथ टीसी और चंद्रशेखर घोड़के को दी विदाई







रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर से पुलिस अधीक्षक अभिसूचना/ सुरक्षा देहरादून के पद पर स्थानान्तरित होने पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों द्वारा शुभकामनाओं सहित भावभीनी विदाई दी गई। एसएसपी ऊधम सिंह नगर डा मंजुनाथ टीसी का एसपी इंटेलिजेंस देहरादून और एसपी क्राइम चंद्र शेखर घोड़के ऊधम सिंह नगर का एसपी बागेश्वर के पद पर स्थानांतरण होने पर पुलिस लाईन रुद्रपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान मौजूद अधिकारी कर्मचारियों द्वारा स्थानान्तरित अधिकारियो के कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए आमजन की समस्याओं के प्रति उनकी संवेदन शीलता एवं सहयोगात्मक व्यवहार की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान स्थानान्तरित अधि कारियो को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। वहीं जनपद में विगत ढाई वर्षो के कार्यकाल के दौरान एसएसपी के कुशल दिशा निर्देशन में अपराधियों की धड़पकड़ एवं कई हत्याओं और लूटकांड समेत फर्जीवाड़े के खुलासो भी किये गये। एसएसपी द्वारा किए गये सराहनीय कार्यो एवं अपने कार्यकाल में पुलिस के कई गंभी अपराधाों के खुलासे सफलताएं तथा कार्यकुशलता और कम्युनिटी पुलिसिंग की उपलब्धियो की सराहना भी की गई। इस दारौरान लोगों ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं फूलमाला देकर उनके कार्यकाल के दौरान अपराधों पर त्वरित कार्यवाही कर निराकरण करने और अन्य उपलब्धियों की सराहना की गई।





# रंगोली बनाकर मनाया पोषण पखवाड़ा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 5 खेड़ा केंद्र संख्या 5 में शकुंतला पाल की आंगनवाड़ी केंद्र में रंगोली बनाकर पोषण पखवाड़ा मनाया गया। सुपर वाइजर रीता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में सभी महिलाओं और बच्चों को बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र में मिलने वाली पोषाहार एवं खाद्य सामग्री से क्या-क्या लाभ होते हैं। मोटे अनाजों से खाने से क्या लाभ होता है तथा उसे जो बीमारियों से किस प्रकार बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया 2.0 के अंतर्गत आहार विविधता में बाजरे के उपयोग को लोकप्रिय बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पोषण आहार के प्रति जागरूक होकर इसका उपयोग करना चाहिये। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुंलतापाल, अमिता पाल, खुशबू, सहायिका मंजू कांडपाल, राधा, शिवानी, सुनीता, नगमा, अंतिमा, सरिता, शबीना, शिफा आदि लोग मौजूद रहे।



# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## औद्योगिक और वाहनों का प्रदूषण

वायु प्रदूषण से बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इससे पैदा होने वाली बीमारियों के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने के तथ्य उजागर हैं। कई मौकों पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण और सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली सहित समीपवर्ती राज्यों को इस पर काबू पाने का निर्देश दे चुके हैं। सरकारें इससे पार पाने के लिए अनेक उपाय आजमा चुकी हैं, मगर हकीकत यह है कि शहरों की वायु गुणवत्ता सुधरने के बजाय दिन-ब-दिन बिगड़ती ही गई है। एक ताजा रपट के मुताबिक देश के सौ प्रदूषित शहरों में हरियाणा के चौबीस में से पंद्रह शहर सर्वाधिक प्रदूषित पाए गए हैं। इनमें फरीदाबाद सबसे प्रदूषित शहर है।वहां पीएम 2.5 का स्तर एक सौ तीन माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर तक दर्ज किया गया, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार यह पांच माइक्रोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि ऐसे वातावरण में लोगों को सांस लेने में कैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ता होगा और उनकी सेहत पर कैसा असर पड़ता होगा। यह स्थिति तब है, जब फरीदाबाद राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का हिस्सा है। हरियाणा के बाकी शहर इसका हिस्सा नहीं हैं। फरीदाबाद के बाद, गुरुग्राम की वायु गुणवत्ता भी बेहद खराब है। वहां पीएम 10 का स्तर राज्य में सबसे अधिक है। हरियाणा में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर की वजहें साफ हैं। दिल्ली से सटा होने के कारण बाहर से आने वाले ज्यादातर वाहन किसी न किसी रूप में इसके भीतर से होकर गुजरते हैं। दूसरे, हरियाणा के हर शहर में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके चलते वहां औद्योगिक क्षेत्र का निरंतर विकास होता जा रहा है। इससे शहरी आबादी और वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ती गई है। औद्योगिक इकाइयों और वाहनों का धुआं वातावरण को तेजी से प्रदूषित कर रहे हैं। सर्दी के मौसम में जब हवा संघनित होकर पृथ्वी की सतह के पास सिमट आती है, तो प्रदूषण और घना हो जाता है। उस वक्त लोगों का सांस लेना दूभर हो जाता है।दिल्ली में तो इस समस्या के चलते स्कूल-कालेज तक बंद करने पड़ जाते हैं। जगह-जगह पानी की फुहार छोड़ने वाले यंत्र लगाने पड़ते हैं। दिल्ली दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर बन चुका है। दिल्ली सरकार हर वर्ष इस समस्या से पार पाने की रणनीति बनाती है, मगर अब तक उसे इस दिशा में कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब वायु प्रदूषण बढ़ने से परेशानियां बढ़ जाती हैं, तो सरकारें एक-दूसरे पर दोषारोपण भी शुरू कर देती हैं। मगर हकीकत यह है कि वायु प्रदूषण अब किसी एक राज्य की समस्या नहीं रह गई है। कमोबेश सारे राज्य इससे प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण किसी एक क्षेत्र तक सीमित रहने वाली समस्या है भी नहीं। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में प्रदूषण बढ़ता है, तो दिल्ली पर भी उसका प्रभाव पड़ता ही है। इसी तरह दिल्ली का प्रदूषण हरियाणा के सीमावर्ती शहरों पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए अपेक्षा की जाती है कि इस समस्या से पार पाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाने चाहिए। एक-दूसरे पर दोषारोपण करके या इस समस्या को राजनीतिक रंग देकर दूर नहीं किया जा सकता। इसमें औद्योगिक इकाइयों की जवाबदेही भी तय करना जरूरी है। मगर विचित्र है कि सरकारें शहरी और औद्योगिक विकास पर तो जोर देती हैं, मगर प्रदूषण से पार पाने के उपायों पर वैसी गंभीरता नहीं दिखातीं।

# होली ग्राउण्ड में श्री गणेश महोत्सव का हुआ आगाज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर हल्द्वानी में जगह-जगह गणेश भगवान की मूर्ति की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई ।श्री गणेश भगवान की मूर्ति स्थापना







से पहले ढोल नगाड़ों के साथ शहर में उत्सव मनाया गया । हल्द्वानी शहर में रामलीला ग्राउंड, होली ग्राउंड, हिमालय फॉर्म, बरेली रोड, सहित कई सामाजिक संस्थाएं गणेश मूर्ति स्थापना कर गणेश महोत्सव का आयोजन करती हैं जिसमें वैश्य महासभा देवभूमि सामाजिक मंच सहित अनेको संस्थाएं श्री गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापना कर गणेश महोत्सव का आयोजन करती हैं। वहीं देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली ग्राउंड हल्द्वानी में श्री गणेश महोत्सव समृद्धि उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष मिंटू गुप्ता ने बताया गणेश चतुर्थी के प्रथम दिन भगवान श्री गणेश महाराज की मूर्ति स्थापना होली ग्राउंड हल्द्वानी में की गई है उसके बाद सभी भक्तों ने पूजा अर्चना कर भगवान गणेश जी का भोग लगाया वही कार्यक्रम संयोजक किशोर वार्ष्णेय व हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया आज शाम से बाहर के कलाकारों द्वारा भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी व प्रतिदिन भजन संध्या के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । संरक्षक पवन गुप्ता व गणेश साहू द्वारा बताया गया गणेश महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है दिनांक 10 सितंबर को श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाकर भजन संध्या की जाएगी। कार्यक्रम में महामंत्री अजय कृष्ण गोयल कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद सह संस्थापक राजकुमार केसरवानी कार्यकारी अध्यक्ष विजय गुप्ता, श्री राम गुप्ता, संदीप वार्ष्णेय, कमल राजपाल, पंकज अग्रवाल, सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

# श्री गणेश चतुर्थी पर विराजमान हुए श्री गणेश

सितारगंज/हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री गणपति सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा को बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण कराकर श्री रामलीला परिसर में स्थापित किया गया।। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने गणेश पूजन का विधिवत शुभारंभ किया। अध्यक्ष दयानन्द सिंह ने बताया कि भगवान श्री गणेश जी का उत्सव शनिवार से प्रारम्भ होकर 12 सितम्बर को मूर्ति विसर्जन के साथ समाप्त होगा। प्रतिदिन सुबह व शाम को पूजन व रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। मुख्य पुजारी पंडित शंकर ने मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के द्वारा विधिवत पूजन कर गणेश पूजन का शुभारम्भ किया।उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश हम सभी के आराध्य हैं, किसी भी पूजन में सर्वप्रथम इन्ही का आह्वान किया जाता है। भगवान श्री गणेश रिद्धि सिद्धि के दाता हैं और भक्तों के भाग्य विधाता हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सभी क्षेत्र वासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी।कार्यक्रम में अध्यक्ष दयानन्द सिंह,महामंत्री प्रकाश मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप चिटकारा, वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, व्योवृद्ध रामनगीना प्रसाद, शिवकुमार मित्तल, सुखदेव सिंह, शिवपाल चौहान, नवतेजपाल सिंह,राम अवतार गोयल, रमेश यादव,अमित सक्सेना,लाल सिंह दायमा,पप्पू राठौर,दीपक गुप्ता,अक्षय अरोरा,संजय जायसवाल, दीपेंद्र सिंघल,अनिरुद्ध रॉय,सत्येंद्र दिवाकर, भोला जोशी,पंकज गहतोड़ी,डॉ महेंद्र सिंह,हरपाल सिंह,नितिन चौहान, जमुना प्रसाद साहू,सुरेश जैन,रवि रस्तोगी,सतीश उपाध्याय,गौरव गोयल,भीमसेन गर्ग,भाजपा महिला मण्डल अध्यक्ष मीना अरोरा आदि मोजूद थे।





# जिला स्तरीय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में गदरपुर की टीम विजयी

रूद्रपरु (उद संवाददाता)।शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर के क्रिकेट मैदान में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि मौर्य क्रिकेट अकादमी के प्रबंधक आनंद मौर्य द्वारा फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर के उद्घाटन किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड सितारगंज, रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर और जसपुर की टीम में प्रतिभाग किया। पहला मुकाबला सितारगंज और बाजपुर के मध्य खेला गया। सितारगंज ने पहले खेलते हुए 12 ओवरों मे 117 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछे करने उतरी बाजपुर की पूरी टीम 62 रनों पर ऑल आउट हो गई। दूसरा मैच गदरपुर ओर सितारगंज के मध्य खेला गया जिसमें गदरपुर ने 114 रन बनाएं लक्ष का पीछा लक्ष का पीछा करने उतरी सितारगंज मात्र 79 रनों पर ऑल आउट हो गई। तीसरा मैच रुद्रपुर और जसपुर के मध्य खेला गया। जसपुर ने पहले खेलते हुए 73 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने होती रुद्रपुर की टीम 50 रनों पर ऑल आउट हो गई। फाइनल मुकाबला गदरपुर और जसपुर के मध्य खेला गया। जिसमें गदरपुर ने पहले खेलते हुए 87 रन बनाए जवाब में जसपुर की पूरी टीम 30 रन पर ऑल आउट हो गई ऑल होगी। अंडर-19 जिला जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे गदरपुर की टीम विजेता और जसपुर की टीम उपविजेता रही। जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली ने बताया है कि इस प्रतियोगिता से जिला उधम सिंह नगर की अंडर-19 टीम का चयन किया जाएगा जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए देहरादून जाएगी। मैच के अंपायर विनय कुमार और उज्जवल गुप्ता स्कोरिंग की भूमिका दिनेश पांडे रहे। इस अवसर पर जिला खेल समन्वयक (माध्यमिक) लक्ष्मण सिंह टाकुली, जिला खेल सावन में बेसिक राजेंद्र सिंह भाकुनी, ब्लॉक खेल समन्वयक गदरपुर नूर आलम, ब्लॉक खेल समन्वयक (माध्यमिक) डीपीसिंह, चिदंबरम जोशी मौजूद रहे।



# पानी जमा होने से ग्रामीण परेशान

गदरपुर (उद संवाददाता)।घरों का गंदा पानी सड़क पर भरने से ग्रामीणों में आक्रोश है। भीषण दुर्गन्ध से लोगों का जीना दूभर हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गदरपुर के निकटवर्ती ग्राम मजरा शीला में पानी की निकासी न होने से घरों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है। गली तालाब में तब्दील हो गई है जिसके चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि घरों का पानी जिस दिशा में निकलता था उसे और ऊंचा करके सड़क का निर्माण कर दिया गया है जिससे घरों के गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और गंदा पानी गली में ही जमा हो रहा है जिसमें भारी दुर्गंध व मक्खी मच्छर भी जन्म ले रहे हैं। ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। बरसात में गली में जमा पानी घर में घुसना शुरू हो जाता है पिछले कई दिनों में कई बार इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से भी की जा चुकी है परंतु हम गरीबों की शुद्ध लेने को कोई भी तैयार नहीं। इस दौरान ग्राम की नफीस बानो,शमशीर,अजीम,शाजिया,नामे अली,रूबी,मौरफी,कलसुम, इस्तेकार,साजिद अली,निशा, सहित अनेको ग्रामीण मौजूद रहे।



# युवक की मौत के मामले में रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददातां)। करीब पांच माह पूर्व मौहल्ला जगतपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत के मामले में मृतक के भाई की याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। दर्ज रपट में संजय कुमार पुत्र रामजन प्रसाद निवासी वार्ड 5 मुखर्जीनगर, ट्रांजिट कैम्प ने कोमल प्रसाद पुत्र प्रीतम सिंह, निवासी वार्ड 5, मुखर्जीनगर, जगतपुरा, के विरूद्ध आरोप लगाते हुए कहा है कि 1मई की सुबह 9 बजे उसका भाई जीतू मोहल्ले में निवास करने वाले कोमल प्रसाद पुत्र प्रीतम सिंह के घर गया था। कुछ देर बाद उसको किसी व्यक्ति का फोन आया जिसने कहा तुम्हारे भाई जितेन्द्र कुमार को करंट लग गया है। जब वह अपने भाई को देखने कोमल प्रसाद के घर गया तो देखा प्रीतम सिंह व उसके परिवार वाले उसके भाई को चादर में लपेट कर ऑटों में डाल रहे थे। जब चादर हटाकर अपने भाई का चेहरा देखा उसके मुंह से झाग निकल रहा था तथा उसकी सांस नहीं चल रही थी।वह भाई को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचा तो डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। संजय का कहना है कि उसे डॉक्टर ने बताया कि उसके भाई की मृत्यु करीब दो घण्टे पहले हो चुकी है। उसे पूर्ण विश्वास है कि उसके भाई के साथ प्रीतम सिंह के घर में कोई अप्रिय घटना हुई है। प्रीतम सिंह व उसके परिवार की लापरवाही के कारण उसके भाई जितेन्द्र की मृत्यु हुई है। मामले की शिकायत उसने थाना ट्रांजिट कैम्प, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डीजीपी, देहरादून, आईजी, कुमाऊँ मण्डल नैनीताल, मुख्यमंत्री हैल्प लाईन, मानवाधिकार आयोग आदि को की लेकिन कहीं भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। कोर्ट के आदेश पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हमलावरों के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब 9 माह पूर्व किच्छा बाई पास रोड़ पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले टुकटुक चालक के हमलावरों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में श्रीमती रुखसाना पत्नी मो. साहिद निवासी खेडा कालौनी ने चाँद पुत्र अब्दुल, रिहाना पत्नी अब्दुल, विक्की पुत्र अब्दुल निवासीगण खेड़ा कालौनी,के विरूद्ध कहा है कि उसका पति मो. साहिद पुत्र शमशाद अहमद टुक-टुक चलाता है। 2 नवम्बर 2023 की सुबह उसका पति घर पर ही था तभी चाँद पुत्र अब्दुल निवासी खेड़ा कालौनी घर आयाऔर पति को घर से टुकटुक सहित यह कहकर ले गया कि उसकी माँ और भाई को कहीं जाना है। उसी दिन दोपहर उसके घर पर एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसका पति किच्छा बाईपास रोड पर शारदा पब्लिक स्कूल के पास बेहोशी की हालत में पड़ा है। जब वह अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंची,तो पति वहां बेहोशी की हालत मे पड़ा था। पति को नाजुक हालत देखकर किच्छा रोड पर निजी हास्पीटल, ले गयी। अस्पताल वालों ने पुलिस को भी इस घटना की सूचना दी थी। दो दिन बाद डाक्टर ने पति की हालत गंभीर देखकर को किसी बड़े अस्पताल में ले जाने के लिए कह दिया। पति को देसरे निजी हास्पीटल में ले गयी जहां से उन्हें रैफर कर दिया गया। पति का ईलाज सुशीला तिवारी हास्पीटल, हल्द्वानी में चल रहा है, और हालत नाजुक बनी हुई है। रूखसाना का आरोप है कि चाँद और उसकी माता व भाई ने एक राय होकर उसके पति को जान से मारने के लिए इरादे से इस घटना हो अंजाम दिया है और उन्हें जहरीला पदार्थ खिलाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एसडीएम ने दिए आधार कार्ड केंद्र स्थापित करने के निर्देश

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।नानकमत्ता उप तहसील क के ग्रामीणों को अब आधार कार्ड बनबाने या अपडेट कराने के लिए सितारगंज या खटीमा के चक्कर नही लगाने पड़ेगे, आम जन मानस की शिकायत पर एसडीएम रविंद्र कुमार जुवाठा ने लीड बैंक अधिकारी रुद्रपुर को नानकमत्ता में स्थाई आधार कार्ड केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए है। साथ ही आधार कार्ड केंद्र स्थापित करने में लापरवाही और विलंब न करने का भी निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों एसडीएम से क्षेत्र में आधार कार्ड न होने की शिकायत की थी,आधार कार्ड सेंटर न होने की समस्या से अवगत कराया था, साथ ही कि क्षेत्र के लोगो ने बताया था की आधार कार्ड नया बनवाने या अपडेट करने के लिए खटीमा या सितारगंज जाना पड़ता है, जिस पर एसडीएम ने जनहित की समस्या को गंभीरता से लेते हुए लीड बैंक अधिकारी रूद्रपूर, खंड विकास अधिकारी सितारगंज को निर्देश दिए हैं कि उप तहसील नानकमत्ता से लगातार जन शिकायत आ रही है कि क्षेत्र में आधार कार्ड बनवाने के लिए कोई केंद्र स्थापित नहीं है, जिस कारण मजबूरन बच्चों का बुजुर्गों का आधार कार्ड नया बनवाने व अपडेट करने के लिए सितारगंज में खटीमा की 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे आमजन मानस का आने जाने के किराए में भी धन बर्बाद होता है, एसडीएम ने लीड बैंक अधिकारी को उप तहसील नानकमत्ता क्षेत्र के अंतर्गत स्थाई रूप से आधार कार्ड केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

# मां नंदा सुनंदा मेला एवं शोभा यात्रा की तैयारियों पर मंथन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा आगामी 09 सितंबर से 15 सितंबर तक हल्द्वानी में आयोजित होने वाले मां नंदा सुनंदा मेला एवं शोभा यात्रा शांति एवं कानून व्यवस्था के साथ संपन्न कराने हेतु सम्बन्धितों के साथ गोष्ठी का आयोजन किये जाने के निर्देश पर प्रकाश गया। गोष्ठी में एपी बाजपेई सिटी मजिस्ट्रेट, नितिन लोहनी क्षेत्राधिकारी, गणेश भट्ट सहायक नगर आयुक्त, समीर आर्य प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, उमेश मलिक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, शिवराज सिंह निरीक्षक यातायात, नीरज भाकुनी थाना अध्यक्ष बनभूलपुरा भी उपस्थित रहे। जिसमे कई एवं कानून व्यवस्था के साथ संपन्न कराये जाने का अनुरोध किया गया। पुलिस अध ीक्षक नगर द्वारा मेला आयोजनकर्ताओं से आपसी संबंध में स्थापित करते हुए अनुशासन के साथ कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु पुलिस को सहयोग करने की अपील की गई। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर



चंद एसपी सिटी की अध्यक्षता में मां नंदा सुनंदा इंटरनेशनल सेवा ट्रस्ट आयोजन कमेटी एवं अन्य जन प्रतिनिधि यों के साथ पुलिस बहुउद्देशीय भवन के सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया बिंदुओं पर विचार विमर्श किए गए। समीर आर्य अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा द्वारा आयोजित मेला कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई तथा जनपद की पुलिस से मां नंदा सुनंदा मेले को सकुशल शांति सीसीटीवी लगाने तथा सभी वाहनों के लिए निर्धारित पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था की अपील की। पार्किंग स्थलों एवं कार्यक्रम स्थलों पर अपने वॉलिंटियर्स को नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पुलिस ने पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। यातायात निरीक्षक के सहयोग से शुक्रवार को जैन ग्लोबल स्कूल में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति विद्यार्थियों ो जागरूक करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यातायात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्य ने स्कूल में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा जाए, तब तक वाहन न चलाएं। ऐसे करने पर चालान के साथ सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि छात्र स्वयं यातायात के नियमों का पालन करने के साथ अपने परिचितों, परिवार वालों व अपने दोस्तों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक करे। ऐसे करके हम पुलिस कांता अग्रवाल और शहनाज ने भी स्कूली बालिकाओं को गुड टच और बेड टच के विषय में बताते हुए महिला सुरक्षा और महिला अधिकारों से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने भी ट्रैफिक नियमों पालन करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। इसके



नियमों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि कई बार देखने में आया है कि 18 वर्ष से आयु के कम बच्चे दुपहिया वाहन चलाते नजर आते है, जो कि गलत है। जब तक उम्र 18 वर्ष न हो जाए और लाइसेंस न बन काफी हद सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकते है। ट्रैफिक रूल्स का पालन करने से अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। यातायात पुलिस के ध नपाल ने कहा कि इमरजेंसी नंबरों पर कॉल करनी चाहिए साथ ही दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद को आगे आना चाहिए। महिला साथ ही यातायात निरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार आर्य का आभार प्रकट करते हुए उन्हें इस तरह की कार्यशाला आयोजित करने के लिए आभार प्रकट किया।इस मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज श्री नरेंद्र कुमार आर्य,ध नपाल सिंह,नंदन गोस्वामी, कांता अग्रवाल और शहनाज उपस्थित थे।

# दुर्गा मंदिर में धूमधाम से मनाया गणेश उत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 33 वी माँ वैष्णो दरबार यात्रा के उपलक्ष में गणेश चर्तुथी के पावन पर्व पर प्रात: काल 8 बजे



दुर्गा यात्रा समिति के भक्तों द्वारा गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सवर्प्रथम भगवान गणेश जी को पंच स्नान कराया गया और नए वस्त्र और आभूषण पहनाये गए और मुकट भी सजाया गया। गणेश जी को लड्डू , मोदक, फल और कई प्रकार का भोग लगाया गया। 33 वीं माँ वैष्णो दरबार यात्रा का प्रथम निमंत्रण पत्र सवर्प्रथम पूजन देव गणेश जी को दिया गया । साथ ही पूजन आरती की गयी और सभी भक्त जनों द्वारा भजन कीर्तन भी किया गया। दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल और प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली ने बताया की इस वर्ष की वैष्णों दरबार यात्रा 24 सितम्बर को रुद्रपुर के दुर्गा मंदिर से प्रस्थान करेगी और 2 अक्टूबर को माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति लेकर वापिस रुद्रपुर पहुंचेगी। गणेश उत्सव में पण्डित नवीन शास्त्री, वेद ठुकराल ,महन्त राजीव ठक्कर, विक्की कक्कड़, अमित दुआ, दिनेश गुप्ता ,दुर्गा मंदिर सभा की अध्यक्षा रेणु अरोरा ,किशन नारंग,गुरशरण बब्बर, योगेश अरोरा ,जुगनू, राकेश सिंघल, सतीश धीर, कुक्कू धीर, राजू बत्रा ,मुदित गाबा ,देवेन्द्र कुकरेती,विपिन अरोरा ,अंशु कक्कड़, मोहित अरोरा, एकता दुआ आदि भक्त थे।

# छात्राओं को किया सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधि कारी उदयराज सिंह व मुख्य विकास अधि कारी मनीष कुमार के निर्देशों के क्रम में आर्य कन्या इण्टरकॉलेज में बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन द्वारा बालिकाओं को स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय, पॉक्सो अधि नियम, किशोर न्याय अधिनियम, गुड-टच बैड- टच के संबन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा चाइल्ड हैल्पलाईन 1098 के सम्बन्ध में जानकारी दी।उन्होंने सभी बालिकाओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी रखने के साथ-साथ जागरूक नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का बाल उत्पीडन का मामला संज्ञान में आने पर 1098, 112 नम्बर पर तत्काल कॉल किया जा सकता हैं तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वेबसाइट पर पॉक्सो-ई बॉक्स के माध्यम से भी शिकायत की जा सकती हैं। जागरूकता शिविर में चाँदनी रावत द्वारा चाइल्ड हैल्प लाईन से संबन्धित विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि चाइल्ड हैल्पलाईन बच्चों के लिए निशुल्क आपातकालीन सेवा हैं तथा जरूरत मंद बच्चों, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को काउंसलिंग भी प्रदान की जाती हैं। शिविर में किशोर न्याय अधिनियम के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के संबन्ध में भी जानकारी दी गयी। कार्यशाला में विद्यालय के अध्यापक व बालिकाएं उपस्थित रहें।



# राज्य आंदोलनकारियों को दस प्रतिशत आरक्षण स्वागत योग्य: गौरी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में राज्य आंदोलनकारियों को दस प्रतिशत आरक्षण देने का जो निर्णय लिया गया है निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। यह बात वार्ड एक के निवर्तमान पार्षद व नगला नगरपालिका के चेयरमैन पद के प्रबल दावेदार भाजपा नेता सुरेश गौरी ने आज यहां शिमला बहादुर स्थित अपने कार्यालय में राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित करते हुए अपने संविधान में कहीं।निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी के कार्यालय में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य आंदोलनकारी के साथ- साथ समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सुरेश गौरी द्वारा सम्मानित किया गया। गोरतलब हो कि उत्तराखंड राज्य स्थापना में राज्य आंदोलनकारीयो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 42 लोगों ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में शहादत दी। कई प्रताड़ना झेलने के बाद उत्तराखंड राज्य प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य आंदोलनकारी के पक्ष में 1 सितंबर 2021 को शहीद स्मारक खटीमा से राज्य आंदोलनकारी के संदर्भ में जो घोषणा की गई थी। सभी घोषणाओं का निस्तारण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध ामी के द्वारा कर दिया गया है। जिसमें 10प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रवर समिति के द्वारा विधानसभा में प्रस्ताव रखने के उपरांत राज्यपाल द्वारा आरक्षण पर मोहर लगा दी। इस संदर्भ में आज राज्य आंदोलनकारी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में राज्य आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रमुख राज्य आंदोलनकारी तरुण पंत जिन्होंने तत्कालीन राजधानी लखनऊ विधानसभा में राज्य आंदोलनकारी के पक्ष में पर्चे फेंक कर सनसनी फैला दी थी। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप विनीत पंत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश गौरी ने की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उधम सिंह नगर को उत्तराखंड में मिलने के लिए क्रांतिकारी राज्य आंदोलनकारी में मुख्य रूप से अवतार सिंह बिष्ट , हरीश जोशी, पूरन सिंह परिहार, प्रकाश पुजारी ,विक्की पाठक, जगदीश बोरा, कमल पांडे, आदि लोग उपस्थित थे जिन्होंने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।



## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम संजीव कुमार (Sanjeev Kumar) था। अब मैंने अपना नाम संजीव विश्वास (Sanjeev Vishwas)रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम संजीव विश्वास (Sanjeev Vishwas) से ही जाना और पहचाना जाये।

संजीव विश्वास पुत्र प्रशांत विश्वास, निवासी वार्ड नं.-3, दुर्गा कालोनी रूद्रपुर रोड, किच्छा,उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम रतिका राणा (पुराना नाम) से बदलकर अब रतिका महरा (नया नाम) कर लिया है। अत: अब से भविष्य में मुझे रतिका महरा (नया नाम) पत्नी अजय सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**वर्तमान पता- ग्राम लोहाली, जनपद नैनीताल**

## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ज्येष्ठ पुत्र विक्की रावत गलत संगत में पड़ गया है और बुरी आदतों का शिकार हो गया है। काफी समझाने के बाद भी वह मनमानी करता है और आये दिन लड़ाई झगड़ा और मारपीट करता है। उसकी गलत आदतों से दुखी और परेशान होकर मैंने विक्की रावत से सारे रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं और उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में विक्की रातव अपने हर अच्छे बुरे कार्य और लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

मोहन सिंह रावत पुत्र नंदन सिंह रावत, निवासी मकान नं0-16, वाटिका विहार, बिगवाड़ा, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर




## पेज एक का शेष...

**शपथ पत्र से छटा...**पिछले साल दिसंबर में ही खत्म हो गया है, लेकिन निकायों में प्रशासकों को बैठा दिया गया है। इस तरह नगर निकाय चुनाव से पहले प्रवर समिति के पास ओबीसी आरक्षण का मामला जाने के बाद शुरू हुआ, निकाय चुनाव का इंतजार सरकार द्वारा उच्च न्यायालय में प्रस्तुत नई समय सारिणी से फिलहाल दूर हो गया है और अब इसी हिसाब से राज्य निर्वाचन आयोग ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं ।पहले सरकार ने हाईकोर्ट में अक्तूबर में निकाय चुनाव की समय सारिणी दाखिल की थी ,लिहाजा उसी हिसाब से तैयारियां भी चल रही थीं, लेकिन विधानसभा में पेश ओबीसी आरक्षण संशोधन विधेयक को प्रवर समिति को भेज दिए जाने के कारण निकाय चुनाव की तारीख पर संशय पैदा हो गया था ,क्योंकि प्रवर समिति को 23 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट देनी है। इस बीच विभिन्न निकायों के परिसीमन की अधिसूचना जारी हो गई और राज्य निर्वाचन आयोग को अपनी तैयारियां तेज करनी पड़ी तथा निकायों में परिसीमन के मुताबिक मतदाता सूची संशोधन का काम भी आरंभ करना पड़ा। अब आयोग का दावा है कि वह 31 अक्तूबर तक यह काम पूरा कर लेगा। इसके बाद 10 नवंबर को निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी और सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो नामांकन व अन्य सभी चुनावी कार्य होने के बाद 15 से 20 दिसंबर के बीच प्रदेश में नगर निकाय चुनाव करा लिए जाएंगे।

**बेटियों के बलात्कारियों...**उत्पीड़कों के साथ खड़ी है, अंकिता भंडारी से लेकर चम्पावत, सल्ट में बच्चियों के बलात्कारी भाजपा के मण्डल अध्यक्ष और शांतरशाह में दलित बच्ची के साथ सामुहिक बलात्कार और हत्या, एक शांतरशाह के निर्भया कांड में संलिप्त भाजपा के दायित्व धारी से लेकर लालकुआं के दायित्व धारी तक, सब भाजपा के हैं। भाजपा को यह बताना चाहिए कि वह बेटियों के साथ हैं या उन बेटियों के बलात्कारियों के साथ हैं? कल तक जो हमसे सवाल करते थे, आज उससे कई ज्यादा घातक सवाल जनता भाजपा से पूछ रही है? रावत ने कहा कि आज हरिद्वार के व्यापारी अपनी सुरक्षा को लेकर धरने पर हैं। 11 को मैं भी पदयात्रा करूँगा। हरिद्वार में लुटेरों की हिम्मत देखिये कि वो नकाब पहनकर भी नहीं आए। गौकशी के मामले में ही नहीं इस डकैती में भी सत्ता पक्ष सवालों के घेरे में है। हरीश रावत ने राज्य और देश की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाए जाने की भी बात कही। कहा कि सीमावर्ती इलाके में सत्तारूढ़ दल से जुड़े व्यक्ति को बचाने की कोशिश हो रही है। बनबसा नेपाल सीमा पर एक विधायक का भाई 40 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ने के मामले को राज्यपाल तक ले जाएंगे। ये साधारण कारतूस नहीं है। ये विस्फोटक कारतूस है। कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की टिप्पणी पर हरीश रावत ने कहा कि मैंने हमेशा कहा कि जितने प्रिय निर्णय हैं, वह सामूहिक हैं। जो अप्रिय निर्णय हैं वो केवल मेरे हैं। कहा कि जब जब भाजपा कमजोर होती है। तब तब मजार मजार करती है।

**चालीस कारतूशों ...**सतीश नैनवाल पुत्र चंद्र दत्त नैनवाल और उसका चालक अल्मोड़ा निवासी दिनेश चंद्र पुत्र शेर सिंह से 7.65 एमएम के 40 जिंदा कारतूस बरामद हुए। जिस पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही दोनों के पास से अन्य अवैध सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार करने वालों में उपनिरीक्षक आरती बुनकर, हैड कांस्टेबल संजीत सिंह बाली, कांस्टेबल राम सिंह नुवाद, महिला कांस्टेबल नेहा गुप्ता आदि शामिल रहे।

**स्वीट हाउस से...**जिस समय चोरी को अंजाम दिया गया उस समय वहां पर गश्ती पुलिस नहीं थी। सीसी फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चोरी को अंजाम देने से पहले चोरों द्वारा पूरी स्थिति का जायजा लिया गया है तथा पूरी प्लानिंग के तहत दुकान में चोरी की गई है। पुलिस तमाम सीसी फुटेज खंगालते हुए चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। प्रतिष्ठान स्वामी प्रीतम दास आयलानी ने बताया कि तिजोरी के अंदर लगभग 95,000 नगर दुकान के समस्त कागजात एवं गोदाम की चाबी रखी हुई थी जिसको चोर अपने साथ ले गए है। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए अपना संपूर्ण खुफिया तंत्र एक्टिवेट कर दिया है तथा सीसी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। सीसी फुटेज में देखा जा रहा है कि चोर एक टुकटुक में तथा मोटरसाइकिल में सवार होकर दुकान तक आए हैं और दुकान में चोरी करने के बाद मोटरसाइकिल से फरार हो गए।

**जिले को नशा और..**कहा कि जनपद में सभी लोग भय मुक्त होकर अपना कार्य करें और महिलायें स्वयं को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करें यही उनकी प्राथमिकता रहेगी। बता दें एसएसपी मणिकांत मिश्रा 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह एसडीआरएफ कमांडेंट के पद पर तैनात थे। मणिकांत मिश्रा तेजतर्रार अफसर माने जाते हैं, उन्होंने आपदा के समय कमांडेंट एसडीआरएफ रहते हुए खुद ग्राउंड पर मोर्चा संभाला था और राहत कार्य में सहयोग किया था।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

## चार्ज लेते ही मुठभेड़ से हुआ नए कप्तान मणिकांत मिश्रा का स्वागत

# वन तस्करों से मुठभेड़, रेंजर समेत चार वनकर्मी घायल







## अब तराई के जंगलों में वन तस्करों का तांडवः पीपलपड़ाव रेंज के जंगल में पेड़ काट रहे तस्कर बंदूक और तमंचे से लैस थे,फयरिंग कर हुए फरार

रूद्रपुर उद संवाददाता)। ऊधमसिंह नगर जिले में अपराधियों के हौसले बंलंद होते जा रहे हैं। एक दिन पूर्व जिले के पुलिस कप्तान का तबादला होने के बाद नए एसएसपी मणिकांत मिश्रा को चार्ज संभालते ही वन तस्करों से मुठभेड़ की दुस्साहसिक वारत का सामना करना पड़ा है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सायं तराई केंद्रीय वन प्रभाग के पीपलपड़ाव रेंज के जंगल में लकड़ी तस्करों और वनकर्मियों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से चलीं 30 राउंड से अधिक फायर से गोलियों की तड़तड़ाहट से जंगल गूंज उठा। फायरिंग में रेंजर सहित चार वनकर्मी छर्रे लगने से घायल हो गए। तीन वनकर्मियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के साथ ही एसपी सिटी मनोज कत्याल, पंतनगर एसएचओ मनोज रतूड़ी भी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।शुक्रवार दोपहर बाइक सवार तस्कर सागौन का पेड़ काटने के लिए पीपलपड़ाव रेंज के जंगल में घुस गए। वनकर्मियों की सूचना पर रेंजर रूपनारायण गौतम टीम के साथ मौके के लिए रवाना हुए। रेंजर ने बताया कि गदरपुर एसओ और गूलरभोज चौकी प्रभारी को सूचना देने के बाद वे टीम के साथ प्लॉट संख्या 112-113 में पहुंचे थे। यहां फायर लाइन पर 12 से अधिक तस्कर बैठे थे। पहले तो तस्कर टीम को देखते ही भागने लगे फिर आगे जाकर असलहों से फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में वन कर्मियों ने भी हवाई फायरिंग की गई। रेंजर के अनुसार तस्करों ने शुरू में तो हवाई फायरिंग की लेकिन बाद में वह निशाना बनाकर गोली चलाने लगे। रेंजर के पेट में छर्रे लगे हैं जबकि वन दरोगा हीरा सिंह, वन आरक्षी शुभम शर्मा और कमल सिंह भी घायल हैं। मौके से तस्करों की बाइक, दो आरी और सागौन का आधा काटा पेड़ बरामद हुआ है। इधर फायरिंग की सूचना मिलने से वन विभाग हरकत में आ गया और आनन-फानन रेंजर और वनकर्मियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी सहित डीएफओ यूसी तिवारी के साथ ही विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घायलों से जानकारी ली। रेंजर रूपनारायण गौतम ने बताया कि तस्करों के पास पोनिया बंदूक और तमंचे थे। वे वनकर्मियों को जान से मारने की नीयत से फायर कर रहे थे। टीम की ओर से 12 से अधिक हवाई फायर किए गए, जबकि तस्करों ने कम से कम 20 राउंड से अधिक फायरिंग की है। फायरिंग करने वाले थापा नगला गांव के हैं। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि तस्करों की फायरिंग में घायल रेंजर सहित तीन कर्मियों का हाल पूछने के साथ ही घटना के संबंध में जानकारी की गई है। एक आरोपी का नाम प्रकाश में आया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम दबिश दे रही है। इसके साथ ही पुलिस टीम को कांबिंग के लिए भेजा गया है। डीएफओ यूसी तिवारी ने बताया कि तस्करों को चिह्नित करने की कार्रवाई की जा रही है और उनके खिलाफ पुलिस को तहरीर दी जाएगी। वहीं तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर के प्रभागीय वनाधिकारी उमेश तिवारी और उधम सिंह नगर के नए एसएसपी मणिकांत मिश्रा के कड़े निर्देश के बाद वन विभाग की एसओजी प्रभारी कैलाश तिवारी व अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय प्रताप सिंह ने वन कर्मियों और पुलिस कर्मियों के साथ की थापा नगला गांव मे कड़ा छापेमारी अभियान शुरू कर दबिश दी जा रही है।



## पुलिस और वन विभाग की टीमों ने चलाया कॉबिंग अभियान

रूद्रपुर। तराई के जंगलों में वन तस्करों का आतंक बढ़ गया है। आये दिन वन कर्मियों पर हमले की घटनायें होने से विभागीय अकधकारियों की कार्यप्रणली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं । तराई केंद्रीय वन प्रभाग गदरपुर की पीपल पड़ाव रेंज मे वन तस्करों और वनकर्मियों में मुठभेड़ में रेंजर समेत चार वनकर्मी घायल हुए है। वनकर्मियों को कई दिनों से लकड़ी काटने की सूचना मिल रही थी। लकड़ी काटने की सूचना पर रेंजर आरएन गौतम टीम के साथ जंगल गए थे। इस दौरान तस्करों और टीम में मुठभेड़ हो गई। एक रेंजर सहित तीन वन कर्मी हुये थे गंभीर रूप से घायल हुए है। वहीं गत दिवस हुई मुठभेड़ के बाद तस्करों को पकड़ने के लिए उधम सिंह नगर पुलिस और उधम सिंह नगर के वन विभाग ने देर रात छापेमारी अभियान चलाया। जिले के नए एसएसपीमणि कांत मिश्र और तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर के प्रभागीय वनाधिकारी उमेश तिवारी का वन तस्करो के प्रति कड़ा रुख अतियार करते हुए कहा कि तस्करों के दुस्साहस को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुठभेड़ में घायल हुए कर्मचारियों का उपचार किया जा रहा है साथ ही गदरपुर के पीपलपड़ाव रेंज में हमलावरों की धड़पकड़ के लिए वनएवं पुलिस की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। वही अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय प्रताप सिंह व सीओ बाजपुर, केलाखेड़ा थाना अध्यक्ष ललित मोहन रावल,थानाध्यक्ष दिनेशपुर नंदन सिंह रावत, गदरपुर थानाध्यक्ष जसवीर चौहान मय पुलिस बल व उधम सिंह नगर जिले की वन विभाग के एसओजी प्रभारी कैलाश तिवारी वन दरोगा गणेश दत्त सती, सुरेश चंद्र पाण्डेय, आनंद बल्लभ पंत, भूपेंद्र शाह, राहुल कनवाल सहित कई वन कर्मियों ने चलाया कड़ा छापेमारी अभियान चलाया लेकिन वन तस्कर घर छोड़कर फरार हो गये है।

# श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री श्याम निशान सेवा समिति की ओर से सिटी क्लब में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में पूरी रात श्याम भक्तों ने भजनों से श्याम बाबा का गुणगान किया। भजन गायकों ने कार्यक्रम में ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गये। संकीर्तन में शहर एवं आस पास के अलावा दूर दराज से भी बड़ी संख्या में



श्याम प्रेमियों ने हाजिरी लगायी। शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गयी विशाल निशान यात्रा के पश्चात देर शाम सिटी क्लब में श्याम बाबा के संकीर्तन का शुभारम्भ समाजसेवी गोपी राम ने ज्योति प्रज्वलित करके किया। संकीर्तन में सजाये गये श्याम बाबा के भव्य दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाकर अरदास की। संकीर्तन में दिल्ली से आये भजन गायक मयूर रस्तौगी ने श्याम बाबा के सुंदर भजनों ने श्याम प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व मास्टर बॉबी, अर्चित ग्रोवर ने भी भजनों की श्याम बाबा का गुणगान किया। संकीर्तन देर रात तक चला। भोग और प्रसाद वितरण के साथ संकीर्तन का समापन हुआ। इससे पूर्व भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राकेश शर्मा, नरेन्द्र रावत, सुरेन्द्र गंगवार, विक्की ठाकुर, राज कुमार जैन,मोनू भाई, मुकेश गोयल,नरेंद्र रावत,हर्ष वार्ष्णेय, संदीप राव, विक्की ठाकुर, हरेंद्र राव, मोहित चड्डा, सुरेंद्र गंगवार, विमल, संदीप बजाज,शशांक, सत्यम,रविन्द्र शर्मा आदि सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।


गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू मां 36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Easy EMI Options Available

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000